रजिस्ट्री सं० डी० एल०-33004/99 REGD. NO. D. L.-33004/99

भारत का राजपत्र
The Gazette of India

असाधारण
EXTRAORDINARY
भाग II—खण्ड 3—उप-खण्ड (i)
PART II—Section 3—Sub-section (i)
प्राधिकार से प्रकाशित
PUBLISHED BY AUTHORITY

सं. 182] नई दिल्ली, मंगलवार, अप्रैल 1, 2014/चैत्र 11, 1936
No. 182] NEW DELHI, TUESDAY, APRIL 1, 2014/CHAITRA 11, 1936

IndiaCode

कारपोरेट कार्य मंत्रालय
अधिसूचना

नई दिल्ली, 31 मार्च, 2014

सा.का.नि.250(अ).– केन्द्रीय सरकार, कंपनी अधिनियम, 2013 (2013 का 18) की धारा 469 की उप-धारा (1) और उप-धारा (2) के साथ पठित धारा 3, धारा 4, धारा 5 की उप-धारा (5) और उप-धारा (6), धारा 6, धारा 7 की उप-धारा (1) और उप-धारा 2, धारा 8 की उप-धारा (1) और उप-धारा 2, धारा 11 की उप-धारा (1) के खण्ड (क) और (ख), धारा 12 की उप-धारा (2), उप-धारा (3), उप-धारा (4) और उप-धारा (5) तथा धारा 13 की उप-धारा (3) और उप-धारा (4) तथा उप-धारा (5) के परन्तुक, धारा 14 की उप-धारा (2), धारा 17 की उप-धारा (1) और धारा 20 की उप-धारा (1) और उप-धारा (2) तथा कंपनी (केन्द्रीय सरकार) साधारण नियम और प्ररूप, 1956 या इन नियमों में शामिल विषयों पर कंपनी अधिनियम, 1956 (1956 का 1) के अंतर्गत विहित किसी अन्य संगत नियम को अधिक्रांत करते हुए, उन बातों के सिवाय जिन्हें ऐसे अधिक्रमण से पूर्व किया गया है या करने का लोप किया गया है, निम्नलिखित नियम बनाती है, अर्थात्:-

1. **संक्षिप्त नाम और प्रारंभ-**
   (1) इन नियमों का संक्षिप्त नाम कंपनी **(निगमन)** नियम, 2014 है।
   (2) यह नियम 01 अप्रैल, 2014 को प्रवृत्त होंगे।
2. **परिभाषाएं** — (1) इन नियमों में, जब तक कि संदर्भ से अन्यथा अपेक्षित न हो, -
   (क) "अधिनियम" से कंपनी अधिनियम, 2013 (2013 का 18) अभिप्रेत है;
   (ख) "उपाबंध" से इन नियमों का उपाबंध अभिप्रेत है;

(ग) "ई-प्ररूप" से अधिनियम या उसके अंतर्गत बनाए गए नियमों में यथा विनिर्दिष्ट और अधिनियम के अंतर्गत केन्द्रीय सरकार द्वारा अधिसूचित इलेक्ट्रॉनिक प्ररूप में प्ररूप अभिप्रेत है;

(घ) "फीस" से कंपनी (रजिस्ट्रीकरण कार्यालय और फीस) नियम, 2014 में यथा विनिर्दिष्ट फीस अभिप्रेत है;

(ङ) "क्षेत्रीय निदेशक" से केन्द्रीय सरकार, कारपोरेट कार्य मंत्रालय द्वारा क्षेत्रीय निदेशक के रूप में नियुक्त व्यक्ति अभिप्रेत है;

(च) "धारा" से अधिनियम की धारा अभिप्रेत है;

(2) इन नियमों में प्रयुक्त ऐसे शब्दों और पदों के, जिन्हें इन नियमों में परिभाषित नहीं किया गया है, वही अर्थ होंगे जो अधिनियम में उनके हैं।

3. एकल व्यक्ति कंपनी -

(1) केवल एक प्रकृत व्यक्ति, जो कोई भारतीय नागरिक और भारत का निवासी है-

(क) एकल व्यक्ति कंपनी के निगमन के लिए पात्र होगा;

(ख) एकल व्यक्ति कंपनी के एकमात्र सदस्य के लिए नामनिर्देशिती होगा।

स्पष्टीकरण– इस नियम के प्रयोजनों के लिए "भारत का निवासी" पद से वह व्यक्ति अभिप्रेत है जो तत्काल पूर्ववर्ती एक कैलेण्डर वर्ष के दौरान भारत में न्यूनतम एक सौ बयासी दिन की अवधि के लिए रहा हो।

(2) कोई भी व्यक्ति एक से अधिक एकल व्यक्ति कंपनियों के निगमन या इस प्रकार की एक से अधिक कंपनियों में नामनिर्देशिती होने का पात्र नहीं होगा।

(3) जहां कोई प्रकृत व्यक्ति, जो इस नियम के अनुसार एकल व्यक्ति कंपनी में सदस्य है नाते इस प्रकार की किसी अन्य कंपनी में उक्त एकल व्यक्ति कंपनी में अपने नामनिर्देशिती होने के कारण सदस्य बन जाता है, तब ऐसा व्यक्ति एक सौ बयासी दिनों की अवधि के भीतर उप-नियम (2) में विनिर्दिष्ट पात्रता मानदंड को पूरा करेगा।

(4) कोई अवयस्क एकल व्यक्ति कंपनी का सदस्य या नामनिर्देशिती नहीं होगा या लाभकारी हित सहित शेयर धारित नहीं कर सकेगा।

(5) इस प्रकार की कंपनी, अधिनियम की धारा 8 के अंतर्गत कंपनी के रूप में निगमित या परिवर्तित नहीं की जा सकेगी।

(6) इस प्रकार की कंपनी, किन्हीं कारपोरेट निकायों की प्रतिभूतियों में निवेश सहित गैर-बैंककारी वित्तीय निवेश संबंधी गतिविधियां नहीं कर सकती है।

(7) इस प्रकार की कोई भी कंपनी, अवसीमा (समादत्त शेयर पूंजी) के पचास लाख रुपए से अधिक हो जाने या संगत अवधि के दौरान उसकी औसत वार्षिक आवर्त्त दो करोड़ रुपए से अधिक हो जाने के सिवाय, एकल व्यक्ति कंपनी के निगमन की तारीख से दो वर्ष पूरे होने तक स्वैच्छिक रूप से किसी भी प्रकार की कंपनी में परिवर्तित नहीं हो सकेगी।

4. एकल व्यक्ति कंपनी के अभिदाता या सदस्य द्वारा नामनिर्देशन

धारा 3 की उप-धारा (1) के प्रथम परन्तुक के प्रयोजनों के लिए,

(1) एकल व्यक्ति कंपनी के ज्ञापन का अभिदाता किसी ऐसे व्यक्ति की पूर्व में लिखित सहमति प्राप्त करने के बाद उस व्यक्ति को नामनिर्दिष्ट करेगा जो अभिदाता की मृत्यु या संविदा के लिए उसकी अयोग्यता की स्थिति में उक्त एकल व्यक्ति कंपनी का सदस्य बन जाएगा।

(2) उप-नियम (1) के अंतर्गत नामनिर्दिष्ट व्यक्ति का नाम एकल व्यक्ति कंपनी के ज्ञापन में उल्लिखित होगा और प्ररूप सं. **आई एन सी-3** में प्राप्त की गई उक्त नामनिर्देशिती की सहमति और **कंपनी (रजिस्ट्रीकरण कार्यालय और फीस) नियम, 2014** में यथा उपबंधित फीस सहित प्ररूप सं. **आई एन सी-2** में ऐसे

नामनिर्देशन को, उसके ज्ञापन और अनुच्छेदों सहित कंपनी के निगमन के समय रजिस्ट्रार को प्रस्तुत किया जाएगा।

(3) धारा 3 की उप-धारा (1) के दूसरे परन्तुक के अनुसरण में, एकल व्यक्ति कंपनी का अभिदाता या सदस्य द्वारा नामनिर्दिष्ट व्यक्ति, उक्त एकल सदस्य और एकल व्यक्ति कंपनी को लिखित में सूचना देकर अपनी सहमति वापस ले सकता है।

परन्तु यह कि एकल सदस्य, सहमति वापस लेने संबंधी सूचना प्राप्त होने से पंद्रह दिन के भीतर अन्य व्यक्ति को नामनिर्देशिती के रूप में नामनिर्दिष्ट करेगा तथा इस प्रकार के नामनिर्देशन की सूचना, इस प्रकार से नामनिर्दिष्ट किए गए अन्य व्यक्ति की लिखित सहमति के साथ प्ररूप सं. **आई एन सी-3** में कंपनी को लिखित रूप में भेजेगा।

(4) कंपनी, उप-नियम (3) के अंतर्गत सहमति वापस लेने की सूचना प्राप्त होने से 30 दिन के भीतर, इस प्रकार की सहमति वापस लेने की सूचना और **कंपनी (रजिस्ट्रीकरण कार्यालय और फीस) नियम, 2014** में उपबंधित फीस के साथ प्ररूप संख्या **आई एन सी-4** में एकल सदस्य द्वारा नामनिर्दिष्ट अन्य व्यक्ति के नाम की सूचना तथा प्ररूप संख्या **आई एन सी-3** इस प्रकार नामनिर्दिष्ट किए गए अन्य व्यक्ति की लिखित सहमति रजिस्ट्रार के समक्ष प्रस्तुत करेगी।

(5) एकल व्यक्ति कंपनी का अभिदाता या सदस्य कंपनी को लिखित रूप में सूचना देकर, नामनिर्देशिती की मृत्यु या संविदा के लिए अयोग्यता सहित किसी भी कारण से किसी भी समय अपने द्वारा नामनिर्दिष्ट व्यक्ति के नाम को बदल सकेगा और प्ररूप संख्या **आई एन सी-3** में इस प्रकार के दूसरे व्यक्ति की पूर्व सहमति प्राप्त करने के पश्चात दूसरे व्यक्ति को नामनिर्दिष्ट कर सकेगा।

परन्तु यह कि इस प्रकार की सूचना प्राप्त होने पर कंपनी, परिवर्तन की सूचना की प्राप्ति के तीस दिन के भीतर, **कंपनी (रजिस्ट्रीकरण कार्यालय और फीस) नियम, 2014** में यथा उपबंधित फीस और प्ररूप संख्या **आई एन सी-3** में नए नामनिर्देशिती की लिखित सहमति के साथ प्ररूप संख्या **आई एन सी-4** में इस प्रकार के परिवर्तन की सूचना रजिस्ट्रार के समक्ष प्रस्तुत करेगी।

(6) जहां एकल व्यक्ति कंपनी का एकल सदस्य, मृत्यु या संविदा के लिए अयोग्य होने की स्थिति में सदस्य नहीं रह जाता है और उसके द्वारा नामनिर्देशिती व्यक्ति उक्त एकल व्यक्ति कंपनी का सदस्य बन जाता है तब वह नया सदस्य, सदस्य बनने के पंद्रह दिन के भीतर एक ऐसे व्यक्ति को नामनिर्दिष्ट करेगा जो उसकी मृत्यु या संविदा के लिए उसकी अयोग्यता की स्थिति में उक्त कंपनी का सदस्य हो जाएगा और कंपनी, सदस्यता में परिवर्तन होने के तीस दिन के भीतर और प्ररूप संख्या **आई एन सी-3** में, इस प्रकार नामनिर्दिष्ट हुए व्यक्ति की पूर्व लिखित सहमति के साथ **कंपनी (रजिस्ट्रीकरण कार्यालय और फीस) नियम, 2014** में उपबंधित फीस के साथ प्ररूप संख्या **आई एन सी-4** में इस प्रकार के परिविरति और नामनिर्देशन की सूचना रजिस्ट्रार के समक्ष प्रस्तुत करेगी।

5. शास्ति –

यदि एकल व्यक्ति कंपनी या उक्त कंपनी का कोई अधिकारी इन नियमों के उपबंधों का उल्लंघन करता है, तब एकल व्यक्ति कंपनी या एकल व्यक्ति कंपनी के किसी भी अधिकारी पर जुर्माना, जिसे दस हजार रुपए तक बढ़ाया जा सकता है और प्रथम के पश्चात, इस प्रकार का उल्लंघन जारी रहने के दौरान, उक्त के अतिरिक्त जुर्माना लगाया जा सकता है, जिसे प्रत्येक दिन के लिए एक हजार रुपए तक बढ़ाया जा सकता है।

6. **कतिपय मामलों में, एकल व्यक्ति कंपनी स्वयं को एक सार्वजनिक कंपनी या एक निजी कंपनी में परिवर्तित कर सकती है -**

(1) जहां किसी एकल व्यक्ति कंपनी की समादत्त शेयर पूंजी पचास लाख रुपए से अधिक हो या संगत अवधि के दौरान उसका औसत वार्षिक कारोबार दो करोड़ रुपए से अधिक हो, तो वह कंपनी, एकल व्यक्ति कंपनी के रूप में बने रहने की हकदार नहीं रहेगी ।

(2) इस प्रकार की एकल व्यक्ति कंपनी से यह अपेक्षित होगा कि वह उस तारीख को, यथास्थिति, जिस तारीख को उसकी समादत्त शेयर पूंजी पचास लाख रुपए से अधिक हो गई हो या संगत अवधि, जिसके दौरान उसका औसत वार्षिक कारोबार दो करोड़ रुपए से अधिक हो गया हो, के अंतिम दिन, के छह माह के भीतर स्वयं को अधिनियम की धारा 18 के उपबंधों के अनुसार न्यूनतम दो सदस्य और दो निदेशकों सहित एक निजी कंपनी या न्यूनतम सात सदस्यों और तीन निदेशकों के साथ एक सार्वजनिक कंपनी में परिवर्तित कर ले।

(3) एकल व्यक्ति कंपनी परिवर्तन को प्रभावी बनाने और तत्संबंधी प्रासंगिक आवश्यक परिवर्तन करने के लिए, अधिनियम की धारा 122 की उप-धारा (3) के अनुसार एक संकल्प पारित करके अपने ज्ञापन और अनुच्छेदों में परिवर्तन करेगी।

(4) उप-नियम (1) के लागू होने के साठ दिन के भीतर एकल व्यक्ति कंपनी यह सूचित करते हुए **प्ररूप संख्या आई एन सी-5** में रजिस्ट्रार को सूचना देगी कि वह एकल व्यक्ति कंपनी नहीं रह गई है और यह कि उसकी समादत्त शेयर पूंजी या औसत वार्षिक कारोबार, उप-नियम (1) में निर्धारित अवसीमा से बढ़ जाने के कारण उसका एक निजी कंपनी या सार्वजनिक कंपनी में परिवर्तित होना अपेक्षित हो गया है।

स्पष्टीकरण– इस नियम के प्रयोजनों के लिए,– 'संगत अवधि' से ठीक पूर्ववर्ती तीन क्रमिक वित्तीय वर्ष की अवधि अभिप्रेत है; और

(5) यदि एकल व्यक्ति कंपनी या एकल व्यक्ति कंपनी का कोई अधिकारी इन नियमों के उपबंधों का उल्लंघन करता है, तब एकल व्यक्ति कंपनी या एकल व्यक्ति कंपनी के किसी भी अधिकारी पर जुर्माना, जिसे दस हजार रुपए तक बढ़ाया जा सकता है और प्रथम के पश्चात, इस प्रकार का उल्लंघन जारी रहने के दौरान, उक्त के अतिरिक्त जुर्माना लगाया जा सकता है जिसे प्रत्येक दिन के लिए एक हजार रुपए तक बढाया जा सकता है।

(6) एकल व्यक्ति कंपनी, यथास्थिति, सदस्यों और निदेशकों की न्यूनतम संख्या को दो या न्यूनतम सात सदस्य और दो या तीन निदेशकों, तक बढ़ाकर और उक्त श्रेणी की कंपनी के लिए अधिनियम की अपेक्षाओं के अनुसार न्यूनतम समादत्त पूंजी बनाए रखकर तथा परिवर्तन के लिए अधिनियम की धारा 18 का सम्यक् अनुपालन करके स्वयं को एक निजी कंपनी या एक सार्वजनिक कंपनी में परिवर्तित कर सकती है।

7. **निजी कंपनी का एकल व्यक्ति कंपनी में परिवर्तन –**

(1) अधिनियम की धारा 8 के अंतर्गत रजिस्ट्रीकृत कंपनी को छोड़ कर कोई भी निजी कंपनी, जिसकी समादत्त शेयर पूंजी पचास लाख रुपए या उससे कम हो या जिसका वार्षिक औसत कारोबार, संगत अवधि के दौरान दो करोड़ रुपए या उससे कम हो, साधारण अधिवेशन में एक विशेष संकल्प पारित करके स्वयं को एकल व्यक्ति कंपनी में परिवर्तित कर सकती है।

(2) इस प्रकार के संकल्प को पारित करने से पूर्व कंपनी, सदस्यों और लेनदारों से लिखित में अनापत्ति प्राप्त करेगी।

(3) एकल व्यक्ति कंपनी इस प्रकार के संकल्प के पारित होने के तीस दिन के भीतर कंपनियों के रजिस्ट्रार के समक्ष **प्ररूप संख्या एम जी टी-14** में विशेष संकल्प की प्रति प्रस्तुत करेगी।

(4) कंपनी, **कंपनी (रजिस्ट्रीकरण कार्यालय और फीस) नियम, 2014** में उपबंधित फीस के साथ एकल व्यक्ति कंपनी में अपना संपरिवर्तिन होने के संबंध में **प्ररूप संख्या आई एन सी-6** में आवेदन प्रस्तुत करेगी, जिसके साथ निम्नलिखित दस्तावेज़ संलग्न होने चाहिएं, अर्थात्:-

I. कंपनी के निदेशक विधिवत रूप से शपथ लेते हुए शपथ पत्र के द्वारा यह पुष्टि करते हुए घोषणा करेंगे कि कंपनी के सभी सदस्यों और लेनदारों ने परिवर्तन के लिए अपनी सहमति प्रदान कर दी है और कंपनी की समादत्त शेयर पूंजी पचास लाख रुपए या औसत वार्षिक टर्नओवर दो करोड़ रुपए, से कम है।

II. सदस्यों की सूची और लेनदारों की सूची:

III. अद्यतन लेखा-परीक्षित तुलन-पत्र और लाभ-हानि लेखा; और

IV. आरक्षित लेनदारों के अनापत्ति-पत्र की प्रति।

(5) रजिस्ट्रार, संतुष्ट होने पर तथा इसमें उल्लिखित अपेक्षाओं का अनुपालन करने के पश्चात प्रमाणपत्र जारी करेगा।

8. **अवांछित नाम**

(1) यह निर्धारित करने के लिए कि क्या प्रस्तावित नाम दूसरे नाम के समान है, निम्नलिखित के आधार पर किए गए प्रभेद पर विचार नही किया जाएगा-

(क) प्राइवेट, पी वी टी, पी वी टी., (पी), लिमिटेड, एल टी डी, एल टी डी., एल एल पी, सीमित दायित्व भागीदारी जैसे शब्द;

(ख) नामों के अंत में आने वाले शब्द – कंपनी, एंड कंपनी, सी ओ., सी ओ, कारपोरेशन, सी ओ आर पी, सी ओ आर पी एन, सी ओ आर पी.;

(ग) नाम में उल्लिखित किसी भी शब्द का बहुवचन रूप;

(घ) अक्षरों का प्रकार और बड़े या छोटे शब्द, अक्षरों के बीच जगह, विरामादि-चिन्ह;

(ङ) शब्दों को जोड़ने या अलग करने से किसी नाम का उस नाम से भेद नहीं हो पाता है जिसमें समान, अलग या संयुक्त शब्दों का प्रयोग हुआ हो।

(च) एक ही शब्द का अलग काल या वचन में प्रयोग होने से एक नाम, दूसरे नाम से अलग नहीं हो सकता है;

(छ) पृथक ध्वन्यात्मक वर्तनी या वर्तनी में भिन्नता के प्रयोग को एक नाम से दूसरे नाम का अलग होने के रूप में विचार नहीं किया जाएगा। निदर्शन (उदाहरणस्वरूप, यदि पी. क्यू. इंडस्ट्रीज़ लिमिटेड मौजूद हो तब पी एन क्यू इंडस्ट्रीज़ या पी एंड क्यू इंडस्ट्रीज़ की अनुमति नहीं दी जाएगी और इसी प्रकार से यदि किसी नाम में संख्या अक्षर जैसे 3 शामिल हो तब 'थ्री' के साथ उसकी समरूपता की भी जांच की जाएगी;)

(ज) अशुद्ध वर्तनी वाले शब्द चाहे जान-बूझकर या सामान्य रूप से लिखे गए हों, वे समान, उचित वर्तनी वाले शब्दों के परस्पर-विरोधी नहीं होंगे।

(झ) सी ओ एम, .एन ई टी, .ई डी यू, .जी ओ वी, .ओ आर जी, .आई एन जैसे इंटरनेट से संबंधित पदनाम जोड़ने से कोई नाम, दूसरे नाम से अलग नहीं हो जाएगा चाहे उसमें (.) को 'डॉट' ही क्यों न लिखा गया हो ।

(ञ) न्यू, मॉडर्न, नव, एस एच आर आई (थ्री), एस आर आई (थ्री), एस एच आर ई ई (थ्री), एस आर ई ई (थ्री), ओम, जय, सांई, दि, आदि जैसे शब्द जोड़ने से कोई नाम किसी मौजूदा नाम से अलग नहीं हो जाएगा और इसी प्रकार से यदि किसी मौजूदा कंपनी का नाम केवल स्थान का नाम जोड़कर अलग किया गया हो तो उक्त की अनुमति नहीं दी जाएगी: इस प्रकार के नामों की अनुमति तभी प्रदान की जाएगी जब बोर्ड संकल्प के माध्यम से विद्यमान कंपनी द्वारा अनापत्ति प्रस्तुत नहीं कर दी जाती है:

(ट) समान शब्दों के अलग-अलग युग्मों से कोई नाम किसी मौजूदा नाम से अलग नहीं हो जाएगा, उदाहरणस्वरूप यदि कोई कंपनी 'बिल्डर्स एंड कॉन्ट्रैक्टर्स लिमिटेड' नाम से है, तब 'कॉन्ट्रैक्टर्स एंड बिल्डर्स लिमिटेड' नाम की अनुमति नहीं दी जाएगी बशर्ते कि वह विद्यमान कंपनी के नाम में परिवर्तन हो ।

(ठ) यदि प्रस्तावित नाम अंग्रेज़ी अथवा हिन्दी में, यथास्थिति, किसी विद्यमान कंपनी या सीमित दायित्व भागीदारी, के नाम का हिन्दी या अंग्रेज़ी अनुवाद या लिप्यंतरण हो।

(2)(क) किसी नाम को अवांछित समझा जाएगा, यदि –

I. इस पर संप्रतीक और नाम (अनुचित प्रयोग निवारण) अधिनियम, 1950 (1950 का 12) की धारा 3 के उपबंध लागू होते हों :

II. यदि इसमें रजिस्ट्रीकृत व्यापार चिह्न या एक ऐसे व्यापार चिह्न का नाम हो, जो रजिस्ट्रीकरण संबंधी आवेदन का विषय हो, बशर्ते कि व्यापार चिह्न के संबंध में, यथास्थिति, स्वामी या रजिस्ट्रीकरण के आवेदक, की सहमति प्राप्त न कर ली जाए और प्रवर्तकों द्वारा प्रस्तुत न कर दी जाए;

III. यदि इसमें ऐसा कोई अक्षर या शब्द शामिल हो जो समाज के किसी भी वर्ग के लिए आपत्तिजनक हो;

(ख) किसी नाम को सामान्यत: अवांछित समझा जाएगा, यदि-

i. यदि प्रस्तावित नाम सीमित दायित्व भागीदारी के नाम के समान या अत्यधिक सन्निकट हो;

ii. यदि वह संगम के ज्ञापन में यथा निर्धारित प्रमुख उद्देश्यों के अनुरूप नहीं है;

परन्तु यह कि प्रत्येक नाम को अनिवार्यत: कंपनी के उद्देश्यों का सूचक होना आवश्यक नहीं है किन्तु जहां कहीं भी नाम में उद्देश्यों का कुछ संकेत हो तब उसे ज्ञापन में उल्लिखित उद्देश्यों के अनुरूप होना चाहिए;

iii. कंपनी का मुख्य व्यापार यदि वित्त-पोषण, पट्टा, चिट फंड, निवेश, प्रतिभूति या इनका संयोजन हो, तब इस प्रकार के नाम की अनुमति नहीं दी जाएगी बशर्ते कि नाम उस प्रकार की संबंधित वित्तीय गतिविधियों अर्थात् चिट फंड या निवेश या ऋण, आदि का सूचक हो;

iv. यह किसी विद्यमान कंपनी या सीमित दायित्व भागीदारी के लोकप्रिय या संक्षिप्त विवरण के बहुत समरूप हो;

v. प्रस्तावित नाम भारत के बाहर निगमित किसी कंपनी या सीमित दायित्व भागीदारी और उक्त कंपनी या सीमित दायित्व भागीदारी द्वारा रजिस्ट्रार के पास आरक्षित किए गए नाम के समान या बहुत अधिक समरूप हो;

परन्तु यह कि यदि वह विदेशी कंपनी भारत में अपनी नियंत्रित कंपनी को निगमित कर रही हो तब नियंत्रक कंपनी का मूल नाम जो भी हो उसे इंडिया शब्द या किसी भारतीय राज्य या नगर, यदि वह अन्यथा उपलब्ध हो, को जोड़ने की अनुमति दी जा सकती है;

vi. प्रस्तावित नाम के किसी भाग में ऐसे शब्द शामिल हैं जो अलग प्रकार के व्यापार संघटन या कानूनी व्यक्ति या उससे संबंधित अर्थ देते हों, उदाहरणस्वरूप कॉपरेटिव, सहकारी, ट्रस्ट, एल एल पी, पार्टनरशिप, सोसायटी, प्रोप्राइटर, एच यू एफ, फर्म, आई एन सी., पी एल सी, जी एम बी एच, एस ए, पी टी ई, एस डी एन, ए जी आदि; *स्पष्टीकरण* :- इस उप-धारा के प्रयोजनों के लिए यह स्पष्ट किया जाता है कि अधिनियम की धारा 8 के अंतर्गत स्थापित की जानेवाली कंपनियों के रजिस्ट्रीकरण के लिए **'इलेक्ट्रोरल ट्रस्ट'** वाक्यांश वाले नाम की अनुमति केन्द्रीय प्रत्यक्ष कर बोर्ड द्वारा अधिसूचित इलेक्ट्रोरल ट्रस्ट स्कीम, 2013 के अनुसार दी जाएगी;

परन्तु यह कि नाम के आवेदन के साथ इस संबंध में एक शपथ-पत्र संलग्न हो कि प्राप्त किया जाने वाला नाम, केन्द्रीय प्रत्यक्ष कर बोर्ड द्वारा यथा अधिसूचित इलेक्ट्रोरल ट्रस्ट स्कीम के अंतर्गत कंपनियों के रजिस्ट्रीकरण के प्रयोजन के लिए ही होगा।

vii. प्रस्तावित नाम में 'ब्रिटिश इंडिया' शब्द शामिल हों;

viii. प्रस्तावित नाम का अर्थ दूतावास या कंसूलेट या किसी विदेशी सरकार से सम्बद्ध या जुड़ा हुआ हो;

ix. प्रस्तावित नाम में किसी राष्ट्रीय नायक या बहुत सम्मानित व्यक्ति के संरक्षक या महत्वपूर्ण संरक्षक, जो सरकार के महत्वपूर्ण पदों पर आसीन रहे हों या आसीन हों, शामिल हों या उसमें उनसे सम्बद्ध या जुड़े होने का अर्थ सम्मिलित हो;

x. प्रस्तावित नाम, अस्पष्ट या 'ए बी सी लिमिटेड' या '23के लिमिटेड' या 'डी जे एम ओ' लिमिटेड जैसे संक्षिप्त नाम हों; प्रोत्साहकों के नाम पर आधारित नाम की अनुमति नहीं दी जाएगी। उदाहरणस्वरूप :- बी एम सी डी लिमिटेड, जो भारत, महेश, चंदन और डेविड जैसे प्रवर्तक के नाम के पहले अक्षर का प्रतिनिधित्व कर रहा हो;

परन्तु यह कि विद्यमान कंपनी, नियंत्रित या संयुक्त उपक्रम या सम्बद्ध कंपनी के रूप में नई कंपनी के गठन के लिए नाम के एक भाग के रूप में अपने संक्षिप्त नाम का प्रयोग कर सकती है किंतु इस प्रकार के

संयुक्त उपक्रम या सम्बद्ध कंपनी का मात्र संक्षिप्त नाम ही नहीं रहेगा, उदाहरणस्वरूप दिल्ली पेपर मिल्स लिमिटेड डी पी एम पेपर्स लिमिटेड के रूप में संयुक्त उपक्रम या सम्बद्ध कंपनी प्राप्त कर सकता है, डी पी एम लिमिटेड के रूप में नहीं।

परन्तु यह भी कि अपने-अपने क्षेत्रों में संक्षिप्त नामों से सुप्रसिद्ध कंपनियों को अधिनियम की अपेक्षाओं का अनुपालन करने के पश्चात् उनके वर्तमान नाम को उनके संक्षिप्त रूप में नाम परिवर्तित किए जाने की अनुमति है:

xi. प्रस्तावित नाम, परिसमापन की कार्यवाही के परिणामस्वरूप विघटित कंपनी के नाम के समान है और इस प्रकार के विघटन को हुए दो वर्ष का समय नहीं हुआ है।

परन्तु यह कि यदि प्रस्तावित नाम किसी ऐसी कंपनी के नाम के समान है जिसे अधिनियम की धारा 248 के अंतर्गत कार्रवाई के अनुसरण में हटा दिया गया है तब इस प्रकार के हटाए जाने को राजपत्र में प्रकाशन से बीस वर्ष की समाप्ति से पूर्व उक्त की अनुमति नहीं दी जाएगी;

xii. यह परिसमापन के अंतर्गत किसी सीमित दायित्व भागीदारी या पांच वर्ष की अवधि के लिए हटाए गए सीमित दायित्व भागीदारी के नाम के समान या बहुत अधिक समरूप है;

xiii. प्रस्तावित नाम में 'इन्श्युरेंस', 'बैंक', 'स्टॉक एक्सचेंज', 'वेंचर कैपिटल', 'असेट मैनेजमेंट', 'निधि', 'म्यूच्यूअल फंड' आदि शब्द शामिल हों बशर्ते कि आवदेक द्वारा यह घोषणा प्रस्तुत नहीं की जाती है कि संबंधित विनियामक जैसे कि आई आर डी ए, भारतीय रिज़र्व बैंक, सेबी, एम सी ए आदि, द्वारा आज्ञापक अपेक्षाओं का आवेदक ने अनुपालन कर लिया है।

xiv. प्रस्तावित नाम में "स्टेट" शब्द शामिल हो, उक्त की अनुमति उसी स्थिति में दी जाएगी यदि कंपनी एक सरकारी कंपनी हो;

xv. प्रस्तावित नाम में केवल महाद्विप, देश, राज्य, शहर का नाम शामिल हो, जैसे कि एशिया लिमिटेड, जर्मनी लिमिटेड, हरियाणा लिमिटेड, मैसूर लिमिटेड;

xvi. नाम केवल एक सामान्य नाम हो जैसे कॉटन टेक्सटाइल मिल्स लिमिटेड या सिल्क मैन्यूफैक्चरिंग लिमिटेड और न कि लक्ष्मी सिल्क मैन्यूफैक्चरिंग कंपनी लिमिटेड;

xvii. जिससे उसके पास मौजूद संसाधनों से परे गतिविधियों के कार्यक्षेत्र और मात्रा का आशय निकलता हो या भ्रामक आभास उत्पन्न होने की संभावना हो;

xviii. प्रस्तावित नाम में किसी दूसरे देश या किसी दूसरे देश के शहर का नाम शामिल हो, उक्त की अनुमति तभी दी जाएगी यदि आवेदक उक्त देश की कंपनी के साथ समझौता ज्ञापन जैसा उक्त देश के साथ व्यापारिक संबंध होने का कोई उल्लेखनीय प्रमाण प्रस्तुत कर देता है:

परन्तु यह कि नाम में इंडिया के प्रयोग के साथ किसी दूसरे देश का नाम जोड़े जाने जैसे इंडिया जापान या जापान इंडिया की अनुमति तभी दी जाएगी यदि उसमें सरकार से सरकार की भागीदारी या संरक्षण हो और कोई भी कंपनी किसी भी शत्रु देश के नाम का प्रयोग करके निगमित नहीं होगी।

व्याख्या – इस खण्ड के प्रयोजनों के लिए शत्रु देश से सरकार द्वारा समय-समय पर घोषित किए गए देश अभिप्रेत हैं।

(3) यदि किसी कंपनी ने अपने क्रियाकलाप में परिवर्तन किया है, जो उसके नाम में प्रदर्शित नहीं होता है तो वह नाम के परिवर्तन के संबंध में यथा लागू सभी उपबंधों का अनुपालन करके क्रियाकलापों में परिवर्तन से छह माह की अवधि के भीतर अपने क्रियाकलापों के अनुरूप अपने नाम में परिवर्तन करेगी।

(4) यदि प्रस्तावित नाम में मुख्य शब्द प्रवर्तकों या उनके नज़दीकी रक्त सम्बंधियों के नाम के अलावा किसी व्यक्ति का नाम है तब नाम के लिए आवेदन के साथ उन अन्य व्यक्तियों की अनापत्ति संलग्न की जाएगी। यदि नाम में संबंधियों का नाम शामिल है तब तत्संबंधी साक्ष्य संलग्न किया जाना होगा और प्रवर्तकों या उनके संबंधियों के नामों से निकाले गए शब्दों के प्रयोग के संबंध में उनकी महत्ता और उनका प्रमाण प्रस्तुत करना अनिवार्य होगा।

(5) आवेदक, एकल प्रोत्साहन या भागीदारी या कोई अन्य निगमित या अनिगमित निकाय जैसे किसी अन्य व्यापार संघटन में किसी कंपनी या सीमित दायित्व भागीदारी के निगमन के आवेदित नाम के संबंध में सकारात्मक या नकारात्मक (पुष्टि या मना करने के संबंध में) रूप में यह घोषणा करेगा कि वह इसका प्रयोग कर रहा है या विगत पांच वर्षों के दौरान करता रहा है और यदि हां, तो तत्संबंधी विवरण और यथास्थिति, प्रस्तावित कंपनी या सीमित दायित्व भागीदारी, द्वारा उक्त नाम के प्रयोग के संबंध में अन्य भागीदारों और सहयुक्तों की अनापत्ति तथा यह भी घोषणा कि क्या इस प्रकार का अन्य व्यापार प्रस्तावित कंपनी या सीमित दायित्व भागीदार द्वारा अधिगृहित कर लिया जाएगा या नहीं।

(6) निम्नलिखित शब्दों और उनके सम्मिश्रणों का प्रयोग अंग्रेज़ी में या समान अर्थ प्रदर्शित करते हुए किसी अन्य भाषा में कंपनी के नाम में नहीं किया जाएगा बशर्ते कि इस प्रकार के शब्द या पद के प्रयोग हेतु केन्द्रीय सरकार का पूर्वानुमोदन प्राप्त नहीं कर लिया गया हो-

(क) बोर्ड;

(ख) कमीशन;

(ग) अथॉरिटी;

(घ) अंडरटेकिंग;

(ङ) नेशनल;

(च) यूनियन;

(छ) सेंट्रल;

(ज) फेडरल;

(झ) रिपब्लिक;

(ञ) प्रेजीडेंट;

(ट) राष्ट्रपति;

(ठ) स्माल स्केल इंडस्ट्रीज;

(ड) खादी एंड विलेज इंडस्ट्रीज कॉरपोरेशन;

(ढ) फाइनेंशियल, कॉरपोरेशन और इनके जैसे शब्द;

(ण) म्यूनिसिपल;

(त) पंचायत;

(थ) डेवलपमेंट अथॉरिटी;

(द) प्राइम मिनिस्टर या चीफ मिनिस्टर;

(ध) मिनिस्टर;

(न) नेशन;

(प) फॉरेस्ट कॉरपोरेशन;

(फ) डेवलपमेंट स्कीम;

(ब) स्टैट्यूट या स्टैट्यूट्री;

(भ) कोर्ट या ज्यूडिशरी;

(म) गवर्नर;

(य) सरकार, राज्य, इंडिया, भारत या किसी अन्य सरकारी प्राधिकरण के नाम के साथ स्कीम शब्द का प्रयोग या कोई अन्य तरीका, जिससे केन्द्रीय, राज्य या स्थानीय सरकारों और प्राधिकरणों द्वारा आरंभ की गई स्कीमों का आभास होता हो; और

IndiaCode

(य क) ब्यूरो

(7) अधिनियम की धारा 8 के अंतर्गत कंपनियों के संबंध में नाम में फाउंडेशन, फोरम, एसोसिएशन, फेडरेशन, चैम्बर्स, कन्फेडरेशन, काउंसिल, इलेक्टोरल ट्रस्ट और इनके जैसे शब्द आदि शामिल हो सकते हैं। **"निधि" के रूप में निगमित प्रत्येक कंपनी के नाम के एक भाग के रूप में अंतिम शब्द "निधि लिमिटेड" होंगे।**

(8) किसी कंपनी द्वारा नाम के परिवर्तन पर जारी नाम डाटाबेस में रहेंगे और किसी कंपनी के समूह सहित किसी अन्य कंपनी, जिसने समझौता, व्यवस्था और समामेलन की कार्यवाही में अधिकरण के विशिष्ट निदेश के अध्यधीन परिवर्तन की तारीख से तीन वर्ष की अवधि के लिए नाम में परिवर्तन किया है, द्वारा लिए जाने की अनुमति नहीं होगी।

9. **नाम का आरक्षण-**

नाम आरक्षण के लिए आवेदन **प्ररूप संख्या आई एन सी 1** में **कंपनी (रजिस्ट्रीकरण कार्यालय और फीस) नियम, 2014** में यथा उपबंधित फीस के साथ किया जाएगा।

10. जहां अनुच्छेदों में सुरक्षित अवस्था के संबंध में उपबंध विहित हैं, कंपनी के निगमन के समय **कंपनी (रजिस्ट्रीकरण कार्यालय और फीस) नियम, 2014** में यथा उपबंधित फीस के साथ, यथास्थिति, **प्ररूप संख्या आई एन सी 2 या प्ररूप संख्या आई एन सी 7**, में या मौजूदा कंपनियों के मामले में अनुच्छेदों की सुरक्षित अवस्था की तारीख से तीस दिन के भीतर, **कंपनी (रजिस्ट्रीकरण कार्यालय और फीस) नियम, 2014** में यथा उपबंधित फीस के साथ **प्ररूप संख्या एम जी टी-14** में उक्त उपबंधों के बारे में रजिस्ट्रार को सूचना देगी।

11. अनुसूची-। की सारणी च, छ, ज, झ और ञ में यथा निर्धारित मॉडल अनुच्छेद, कंपनी के मामले में, यथास्थिति, पूर्णत: या अन्यथा कंपनी द्वारा अंगीकार किया जाएगा।

12. कंपनियों के निगमन के लिए आवेदन-

कंपनी के रजिस्ट्रीकरण के लिए आवेदन, **कंपनी (रजिस्ट्रीकरण कार्यालय और फीस) नियम, 2014** में यथा उपबंधित फीस सहित **प्ररूप संख्या आई एन सी 2 (एकल व्यक्ति कंपनी के लिए) और प्ररूप संख्या आई एन सी 7 (एकल व्यक्ति कंपनी के अतिरिक्त)** में उस रजिस्ट्रार के पास प्रस्तुत किया जाएगा जिसके क्षेत्राधिकार में प्रस्तावित कंपनी का रजिस्ट्रीकृत कार्यालय अवस्थित है;

13. ज्ञापन और अनुच्छेदों पर हस्ताक्षर

कंपनी के संगम-ज्ञापन और अनुच्छेदों पर निम्नलिखित तरीके से हस्ताक्षर किए जाएंगे, अर्थात्:-

(1) कंपनी के संगम-ज्ञापन और अनुच्छेदों पर ज्ञापन के प्रत्येक अभिदाता द्वारा हस्ताक्षर किए जाएंगे, जो उसके साथ, अपना नाम, पता, विवरण और व्यवसाय, यदि कोई हो, न्यूनतम एक गवाह की उपस्थिति में दर्ज़ करेगा जो उसके हस्ताक्षर को अधिप्रमाणित करेगा और वह भी इसी प्रकार से हस्ताक्षर करेगा और अपने नाम, पते, विवरण और व्यवसाय, यदि कोई हो, दर्ज़ करेगा और गवाह यह उल्लेख करेगा कि "मैं अभिदान करने वाले अभिदाता/अभिदाताओं का गवाह हूँ और उन्होंने मेरी उपस्थिति (तारीख और स्थान का उल्लेख किया जाएगा) में हस्ताक्षर किए हैं; इसके अतिरिक्त मैंने उनकी पहचान हेतु उन्हें या उनके पहचान संबंधी ब्यौरों (पहचान-पत्र को सत्यापित कर लिया है और मैं उनके द्वारा भरे गए पहचान संबंधी विवरणों से संतुष्ट हूं"

(2) जहां ज्ञापन का अभिदाता निरक्षर है, वह अपने अंगूठे का निशान या चिन्ह दर्ज करेगा जिसका विवरण उसकी ओर से लिख रहे व्यक्ति द्वारा लिया जाएगा, जो चिन्ह के सामने या नीचे अभिदाता का नाम लिखेगा और अपने हस्ताक्षर द्वारा उसे प्रमाणित करेगा और वह अभिदाता के नाम के सामने उसके द्वारा धारित शेयरों की संख्या भी लिखेगा।

(3) ऐसा व्यक्ति अभिदाता के समक्ष संगम-ज्ञापन और अनुच्छेदों की विषय-वस्तु पढ़ेगा और उसे स्पष्ट करेगा और इस बारे में संगम-ज्ञापन और अनुच्छेदों पर पृष्ठांकन करेगा।

(4) जहां संगम-ज्ञापन का अभिदाता एक कारपोरेट निकाय है तब संगम-ज्ञापन और अनुच्छेदों पर कारपोरेट निकाय के निदेशक-बोर्ड के संकल्प द्वारा इस संबंध में सम्यक् रूप से प्राधिकृत कारपोरेट निकाय के निदेशक, अधिकारी या कर्मचारी द्वारा हस्ताक्षर किए जाएंगे और जहां अभिदाता सीमित दायित्व भागीदारी हो वहां सीमित दायित्व भागीदारी के सभी भागीदारों द्वारा अनुमोदित संकल्प द्वारा विधिवत रूप से प्राधिकृत सीमित दायित्व साझीदारी के एक भागीदार द्वारा हस्ताक्षर किए जाएंगे: परन्तु यह कि किसी भी मामले में इस प्रकार से प्राधिकृत व्यक्ति, उस समय संगम-ज्ञापन और अनुच्छेदों का अभिदाता नहीं होना चाहिए।

(5) जहां ज्ञापन का अभिदाता भारत के बाहर निवास कर रहा विदेशी राष्ट्रिक है-

(क)राष्ट्रमंडल के किसी देश में संगम-ज्ञापन और अनुच्छेद पर उसके हस्ताक्षर और पते तथा पहचान का सबूत राष्ट्रमंडल के उस भाग के लेख्यप्रमाणक (पब्लिक) द्वारा प्रमाणित किए जाएंगे।

(ख)उस देश में, जो हेग एपोस्टाइल कन्वेंशन, 1961 का पक्षकार है, संगम-ज्ञापन और अनुच्छेदों पर उसका हस्ताक्षर और पता तथा पहचान का सबूत, उसके मूल देश के लेख्यप्रमाणक (पब्लिक) के समक्ष प्रमाणित किया जाएगा और यह उक्त हेग कन्वेंशन के अनुसार सम्यक् रूप से अधिप्रमाणित किया जाएगा।

(ग) किसी ऐसे देश में जो राष्ट्रमंडल से बाहर है और जो हेग एपोस्टाइल कन्वेंशन, 1961 का पक्षकार नहीं है संगम-ज्ञापन और अनच्छेदों पर उसके हस्ताक्षर और पते तथा पहचान का सबूत, उक्त देश के लेख्यप्रमाणक (पब्लिक) के समक्ष प्रमाणित होंगे और लेख्यप्रमाणक (पब्लिक) का प्रमाण-पत्र, राजनयिक और कौंसलीय आफिसर (शपथ और फीस) अधिनियम, 1948 (1948 का 40) की धारा 3 के अंतर्गत इस संबंध में अधिकारप्राप्त राजनयिक या कौंसलीय अधिकारी द्वारा या जहां कहीं इस प्रकार के अधिकारी नहीं हैं वहां शपथ आयुक्त अधिनियम, 1889 (52 और 53 वी आई सी. सी.10) की धारा 6 में या उक्त को संशोधित करने वाले किसी अधिनियम में उल्लिखित किसी भी पदाधिकारी द्वारा प्रमाणित किया जाएगा।

(घ) यदि किसी विदेशी राष्ट्रिक ने भारत का दौरा किया है और उसका आशय कंपनी के निगमन हेतु है, तो उस मामले में निगमन की अनुमति दी जाएगी यदि वह व्यक्ति वैध व्यापार वीजा धारक हो।

स्पष्टीकरण- इस खंड के प्रयोजन के लिए यह प्रमाणित किया जाता है कि यदि व्यक्ति भारतीय मूल का या भारत का अनिवासी नागरिक हो तो व्यापार वीजा की अपेक्षा लागू नहीं होगी।

14. वृत्तिकों द्वारा घोषणा

धारा 7 की उप धारा (1) के खंड (ख) के प्रयोजनों के लिए, व्यवसाय कर रहे अधिवक्ता, चार्टर्ड एकाउंटेंट, कास्ट एकाउंटेंट या कंपनी सेक्रेट्री द्वारा घोषणा, **प्ररूप संख्या आई एन सी. 8** में की जाएगी।

स्पष्टीकरण– (i) "चार्टर्ड एकाउंटेंट " से चार्टर्ड एकाउंटेंट अधिनियम, 1949 की धारा 2 की उप धारा 2 के खंड (ख) में यथा परिभाषित चार्टर्ड एकाउंटेंट, अभिप्रेत है (ii) "कॉस्ट एकाउंटेंट" से लागत और संकर्म लेखापाल अधिनियम, 1959 की धारा 2 की उप-धारा (1) के खंड (ख) में यथा परिभाषित कास्ट एकाउंटेंट अभिप्रेत है और (iii) "कंपनी सेकेट्री" से कंपनी सचिव अधिनियम, 1980 की धारा 2 की उप-धारा (1) के खंड (ग) में यथा परिभाषित "कंपनी सेकेट्री" या "सेकेट्री" अभिप्रेत है।

15. अभिदाताओं और प्रथम निदेशकों से शपथपत्र

धारा 7 की उप-धारा (1) के खंड (ग) के प्रयोजनों के लिए शपथ पत्र, ज्ञापन के प्रत्येक अभिदाता और अनुच्छेदों में उल्लिखित प्रत्येक प्रथम निदेशकों द्वारा **प्ररूप संख्या आई एन सी 9** में प्रस्तुत किए जाएंगे।

16. निगमन के समय रजिस्ट्रार के पास प्रत्येक अभिदाता का भरा जाने वाला विवरण

(1) ज्ञापन के प्रत्येक अभिदाता का निम्नलिखित विवरण रजिस्ट्रार को प्रस्तुत किया जाएगा –

(क) नाम (उप नाम या कुल नाम सहित) और एम ओ ए तथा ए ओ ए के साथ चिपकाया और स्कैन किया गया नवीनतम फोटोग्राफ:

(ख) पिता/माता का नाम:

(ग) राष्ट्रीयता:

(घ) जन्म की तारीख :

(ङ) जन्म स्थान (जिला और राज्य):

(च) शैक्षणिक अर्हता :

(छ) व्यवसाय:

(ज) आय-कर स्थायी खाता संख्या:

(झ) स्थायी आवासीय पता और वर्तमान पता (वर्तमान पते पर कब से रह रहे हैं और यदि वर्तमान पते पर एक वर्ष से कम समय से रह रहे हों तो पिछले आवास का पता) इसी प्रकार से कार्यालय/व्यापार संबंधी पते:

(ञ) अभिदाता की ई-मेल आई डी:

(ट) अभिदाता का टेलीफोन नम्बर :

(ठ) अभिदाता का फैक्स नम्बर (वैकल्पिक) :

स्पष्टीकरण- (झ) से (ठ) से संबंधित सूचना व्यक्तिगत अभिदाता की होगी न कि कंपनी के निगमन में शामिल व्यवसायिक की।

(ड) पहचान का सबूत:

- भारतीय राष्ट्रिकों के लिए :
  - पैन कार्ड (अनिवार्य) और निम्नलिखित में से कोई एक
  - मतदाता पहचान पत्र
  - पासपोर्ट की प्रति
  - ड्राइविंग अनुज्ञप्ति की प्रति
  - विशिष्ट पहचान संख्या (यू आई एन)
- विदेशी राष्ट्रिकों और अनिवासी भारतीयों के लिए :
  - पासपोर्ट

(ढ) आवासीय सबूत जैसे कि बैंक विवरण, बिजली बिल, टेलीफोन/मोबाइल बिल

परन्तु यह कि बैंक विवरण, बिजली बिल, टेलीफोन या मोबाइल बिल दो माह से अधिक पुराने नहीं होने चाहिए:

(ण) यदि अभिदाता विदेशी राष्ट्रिक हो तो राष्ट्रीयता का सबूत

(त) यदि अभिदाता पहले से किसी कंपनी का निदेशक या प्रवर्तक है तो निम्नलिखित से संबंधित विशिष्टियां:

(i) कंपनी का नाम :

(ii) सी आई एन

(iii) क्या निदेशक या प्रवर्तक के रूप में हितबद्ध हैं:

(थ) **बैंकर या लेख्यप्रमाणक द्वारा सम्यक् रूप से सत्यापित नमूना हस्ताक्षर और नवीनतम फोटोग्राफ** निर्धारित **प्ररूप संख्या आई एन सी-10** में होना चाहिए।

IndiaCode

(2) जहां ज्ञापन का अभिदाता निगम निकाय है तब रजिस्ट्रार के समक्ष निम्नलिखित विशिष्टियां फाइल की जाएंगी-

(क) कंपनी की निगम पहचान संख्या/निगम निकाय की रजिस्ट्रीकरण संख्या, यदि कोई हो

(ख) जी एल एन, यदि कोई हो

(ग) निगम निकाय का नाम

(घ) रजिस्ट्रीकृत कार्यालय का पता या व्यापार का मुख्य स्थान

(ङ) ई-मेल आई डी

(च) यदि निगम निकाय एक कंपनी है, तब बोर्ड-संकल्प की प्रमाणित सही प्रति, जिसमें अन्य बातों के साथ-साथ, प्रस्तावित कंपनी के संगम-ज्ञापन के अभिदान तथा प्रस्तावित कंपनी में निवेश करने के संबंध में प्राधिकार, निगम निकाय द्वारा अभिदान हेतु प्रस्तावित शेयरों की संख्या और ज्ञापन के अभिदान हेतु प्राधिकृत व्यक्ति के नाम, पते और पदनाम का उल्लेख किया गया हो।

(छ) यदि निगम निकाय एक सीमित दायित्व भागीदारी या भागीदारी फर्म है तब सभी भागीदारों द्वारा सहमत संकल्प की प्रमाणित सही प्रति, जिसमें अन्य बातों के साथ-साथ प्रस्तावित कंपनी के संगम-ज्ञापन के अभिदान तथा प्रस्तावित कंपनी में निवेश करने के संबंध में प्राधिकार, निगम निकाय द्वारा अभिदान हेतु प्रस्तावित शेयरों की संख्या और ज्ञापन के अभिदान हेतु प्राधिकृत व्यक्ति के नाम, पते और पदनाम का उल्लेख किया गया हो।

(ज) निगम निकाय के लिए अभिदान करने वाले व्यक्ति के संबंध में धारा 7 की उप-धारा (1) के खंड (ड.) के निबंधनों के अनुसार अभिदाताओं के लिए उपर्युक्त यथा विनिर्दिष्ट विवरण।

(झ) विदेशी निगम निकायों के मामले में, निम्नलिखित से संबंधित ब्यौरे प्रस्तुत किए जाएंगे:-

(i) विदेशी निगम निकाय के निगमन के प्रमाण पत्र की प्रति; और

(ii) रजिस्ट्रीकृत कार्यालय का पता

17. कंपनी के प्रथम निदेशकों की विशिष्टियां और इस प्रकार की कार्रवाई किए जाने के संबंध में उनकी सहमति

अनुच्छेदों में कंपनी के प्रथम निदेशक के रूप में उल्लिखित प्रत्येक व्यक्ति की विशिष्टियां और कंपनी के निदेशक के रूप में कार्य करने संबंधी उनकी सहमति सहित अन्य फर्मों या कारपोरेट निकाय में उनके हित, **कंपनी (रजिस्ट्रीकरण कार्यालय और फीस) नियम, 2014** में यथा उपबंधित फीस के साथ **प्ररूप संख्या डी आई आर 8** में प्रस्तुत किए जाएंगे।

18. निगमन का प्रमाणपत्र

निगमन का प्रमाणपत्र रजिस्ट्रार द्वारा **प्ररूप संख्या आई एन सी 11** में जारी किया जाएगा।

19. पूर्त उद्देश्यों वाली नई कंपनियों के लिए धारा 8 के अंतर्गत अनुज्ञप्ति

(1) कोई व्यक्ति या व्यक्तियों का संगम (जिसे इसके बाद इस नियम में 'प्रस्तावित कंपनी' कहा गया है), जो, यथास्थिति, "लिमिटेड" शब्द को अपने नाम से जोड़े बिना या "प्राइवेट लिमिटेड" शब्दों के साथ, सीमित दायित्व के साथ कंपनी निगमित करने का आशय रखता हो धारा 8 की उप-धारा (1) के अंतर्गत अनुज्ञप्ति के संदर्भ में रजिस्ट्रार के समक्ष **कंपनी (रजिस्ट्रीकरण कार्यालय और फीस) नियम, 2014** में यथा उपबंधित फीस के साथ **प्ररूप संख्या आई एन सी 12** में आवेदन करेगा।

(2) प्रस्तावित कंपनी का संगम-ज्ञापन, **प्ररूप संख्या आई एन सी 13** में होगा।

(3) उप-नियम (1) के अंतर्गत आवेदन के साथ निम्नलिखित दस्तावेज़ संलग्न होने चाहिएं, अर्थात् :-

(क) प्रस्तावित कंपनी के संगम-ज्ञापन और अनुच्छेद का प्रारूप;

(ख) कारबार कर रहे अधिवक्ता, चार्टर्ड एकाउंटेंट, कास्ट एकाउंटेंट या कंपनी सेकेट्री द्वारा **प्ररूप संख्या आई एन सी 14** द्वारा इस संबंध में की गई घोषणा कि संगम-ज्ञापन और अनुच्छेद का प्रारूप, धारा 8 और उसके अंतर्गत बनाए गए नियमों के प्रावधानों के अनुरूप तैयार किया गया है और धारा 8 के अंतर्गत कंपनी के रजिस्ट्रीकरण और प्रासंगिक या अनुपूरक मामलों से संबंधित अधिनियम और उसके अंतर्गत बनाए गए नियमों की सभी अपेक्षाओं का अनुपालन किया गया है;

(ग) आगामी तीन वर्षों के लिए कंपनी की भविष्य में होने वाली वार्षिक आय और व्यय का अनुमान, जिसमें आय के स्रोतों तथा व्यय के उद्देश्यों को विनिर्दिष्ट किया गया हो।

(घ) आवेदन करने वाले प्रत्येक व्यक्ति द्वारा **प्ररूप संख्या आई एन सी 15** में घोषणा।

20. **वर्तमान कंपनियों के लिए अनुज्ञप्ति** -

(1) धारा 8 की उप-धारा (1) के खंड (क) में विनिर्दिष्ट किसी उद्देश्य और उक्त उप-धारा के खंड (ख) एवं (ग) में क्रमश: निर्बंधन एवं प्रतिषेध के साथ इस अधिनियम या पूर्ववर्ती कंपनी विधि के अंतर्गत रजिस्ट्रीकृत लिमिटेड कंपनी, जो, यथास्थिति, "लिमिटेड" शब्द या "प्राइवेट लिमिटेड" शब्दों, को अपने नाम से जोड़े बिना धारा 8 के अंतर्गत रजिस्ट्रीकृत होने का आशय रखती हो, धारा 8 की उप-धारा (5) के अंतर्गत अनुज्ञप्ति के लिए, रजिस्ट्रार के समक्ष **कंपनी (रजिस्ट्रीकरण कार्यालय और फीस) नियम, 2014** में यथा उपबंधित फीस के साथ **प्ररूप संख्या आई एन सी 12** में आवेदन करेगी।

(2) उप-नियम (4) के अंर्तगत किए गए आवेदन के साथ निम्नलिखत दस्तावेज़ संलग्न किए जाएंगे, अर्थात्:-

(क) कंपनी के संगम-ज्ञापन और अनुच्छेद;

(ख) कारबार कर रहे अधिवक्ता, चार्टर्ड एकाउंटेंट, कास्ट एकाउंटेंट या कंपनी सेकेट्री द्वारा **प्ररूप संख्या आई एन सी 14** द्वारा इस संबंध में की गई घोषणा कि संगम-ज्ञापन और अनुच्छेद, धारा 8 और उसके अंतर्गत बनाए गए नियमों के उपबंधों के अनुरूप तैयार किए गए हैं और धारा 8 के अंतर्गत कंपनी के रजिस्ट्रीकरण और प्रासंगिक या अनुपूरक मामलों से संबंधित अधिनियम और उसके अंतर्गत बनाए गए नियमों की सभी अपेक्षाओं का अनुपालन किया गया है;

(ग) आवेदन की तारीख से ठीक पूर्व दो वित्तीय वर्षों के लिए प्रत्येक वर्ष के संबंध में या कंपनी ने केवल एक वित्तीय वर्ष के लिए कार्य किया है तो उक्त वर्ष के लिए, विद्यमान कंपनियों से संबंधित वित्तीय विवरण, बोर्ड की रिपोर्टें और लेखापरीक्षा रिपोर्टें।

(घ) आवेदन की तारीख़ की स्थिति के अनुसार या उक्त तारीख से पूर्व तीस दिन के भीतर कंपनी की परिसंपत्तियों (उनके मूल्य सहित) और दायित्वों के ब्यौरे को दर्शाने वाला विवरण:

(च) आगामी तीन वर्षों के लिए कंपनी की भविष्य में होने वाली वार्षिक आय और व्यय का अनुमान जिसमें आय के स्रोतों तथा व्यय के उद्देश्यों को विनिर्दिष्ट किया गया हो:

(छ) साधारण अधिवेशन/बोर्ड बैठकों में पारित संकल्पों की प्रमाणित प्रति जिसमें धारा 8 के अंतर्गत कंपनी के रजिस्ट्रीकरण को अनुमोदित किया गया हो; और

(ज) आवेदन करने वाले प्रत्येक व्यक्ति द्वारा **प्ररूप संख्या आई एन सी 15** में घोषणा।

(3) कंपनी, रजिस्ट्रार को आवेदन करने की तारीख से एक सप्ताह के भीतर अपने व्यय के संबंध में सूचना प्रकाशित करेगी और प्रकाशित सूचना की प्रति रजिस्ट्रार को भेजी जाएगी और उक्त सूचना **प्ररूप संख्या आई एन सी 26** में होगी और वह प्रकाशित होगी:

(क) उस जिले के मुख्य स्थानिक भाषा के स्थानिक और उक्त जिले में परिचालित समाचार पत्र में न्यूनतम एक बार, जहां प्रस्तावित कंपनी का रजिस्ट्रीकृत कार्यालय स्थित होगा या स्थित है और उक्त जिले में परिचालित अंग्रेजी समाचार पत्र में अंग्रेजी भाषा में न्यूनतम एक बार; और

(ख) केन्द्रीय सरकार द्वारा अधिसूचित की जाने वाली वेबसाइटों पर।

(4) रजिस्ट्रार, आवेदक से किसी उचित प्राधिकरण, विनियामक निकाय, केन्द्रीय सरकार या राज्य सरकार के विभाग या मंत्रालय का अनुमोदन या सहमति की मांग कर सकते हैं।

(5) रजिस्ट्रार सूचना के प्रकाशन की तारीख से तीस दिनों के भीतर उन्हें प्राप्त आपत्तियों, यदि कोई हों, पर विचार करने तथा अपने विवेकाधिकार से किसी प्राधिकरण, विनियामक निकाय, केन्द्रीय सरकार या राज्य सरकार के विभाग या मंत्रालय से परामर्श करने के बाद यह निर्णय लेंगे कि अनुज्ञप्ति प्रदान की जाए या नहीं।

(6) अनुज्ञप्ति, यथास्थिति, **प्ररूप संख्या आई एन सी 16** या **प्ररूप संख्या आई एन सी 17**, में होगी और रजिस्ट्रार के पास अनुज्ञप्ति में ऐसी अन्य शर्तें, जो उनके द्वारा उचित समझी जाएंगी, को शामिल करने की शक्तियां होंगी।

(7) रजिस्ट्रार इस संबंध में, कंपनी को उसके ज्ञापन या उसके अनुच्छेदों या अंशत: एक में और दूसरे में अंशत:, रजिस्ट्रार द्वारा निर्दिष्ट की गई अनुज्ञप्ति की ऐसी शर्तों को शामिल करने का निदेश दे सकते हैं।

21. **धारा 8 के अंतर्गत रजिस्ट्रीकृत कंपनी के दूसरे प्रकार की कम्पनी में परिवर्तित होने की शर्तें**

(1) धारा 8 के अंतर्गत रजिस्ट्रीकृत कंपनी, जिसका आशय स्वयं को दूसरे प्रकार की कंपनी में परिवर्तित करने का है, ऐसे परिवर्तन के अनुमोदन हेतु साधारण अधिवेशन में एक विशेष संकल्प पारित करेगी।

(2) साधारण अधिवेशन के आयोजन से संबंधित सूचना के साथ संलग्न स्पष्टीकारक विवरण में निम्नलिखित को शामिल करते हुए ऐसे परिवर्तन का विकल्प चुनने के कारणों का ब्यौरा दिया जाना चाहिए अर्थात्:-

(क) कंपनी के निगमन की तारीख;

(ख) संगम-ज्ञापन में यथा निर्धारित कंपनी के मूल उद्देश्य;

(ग) वे कारण, जिनके आधार पर कंपनी के लक्ष्यों को प्राप्त करने के लिए गतिविधियां वर्तमान ढांचे अर्थात् धारा 8 कंपनी के रूप में चलाई नहीं जा सकती हैं;

(घ) यदि कंपनी के मूल या मुख्य उद्देश्य परिवर्तन के लिए प्रस्तावित हैं तब परिवर्तित उद्देश्य और उक्त के परिवर्तन के कारण क्या होंगे;

(ड.) कंपनी का विशेषाधिकार या वर्तमान में कर छूट जैसी उठाई जा रही छूट, विदेशी अभिदाय, भूमि और अन्य अचल संपत्तियों, यदि कोई हो, जो कंपनी द्वारा रियायती दरों या मूल्यों या नि:फीस अधिगृहित किये गए थे, सहित संदान या अंशदान प्राप्त करने से संबंधित अनुमोदन और यदि ऐसा हो, तो अधिग्रहण के समय में विद्यमान बाजार मूल्य तथा कंपनी द्वारा भुगतान किया गया मूल्य, उनके उपयोग आदि से संलग्न शर्तों के कारण कंपनी द्वारा प्राप्त किया गया कोई संदान या उत्तरदान।

(च) इस परिवर्तन के परिणामस्वरूप सदस्यों को प्राप्त होने लाभ के ब्यौरे सहित कंपनी के सदस्यों पर पड़ने वाला प्रस्तावित परिवर्तन का प्रभाव का ब्यौरा।

(2) स्पष्टीकारक विवरण सहित बैठक के आयोजन से संबंधित सूचना की प्रति सहित विशेष संकल्प की सत्यापित सही प्रति रजिस्ट्रार के समक्ष फीस सहित **प्ररूप संख्या एम जी टी–14** में प्रस्तुत की जाएगी।

(3) कंपनी स्वयं को दूसरे प्रकार की कंपनी में परिवर्तन करने संबंधी अनुमोदन के बारे में स्पष्टीकारक विवरण सहित विशेष संकल्प की सत्यापित सही प्रति और बैठक के आयोजन से संबंधित सूचना की प्रति के साथ फीस सहित क्षेत्रीय निदेशक को **प्ररूप संख्या आई एन सी-18** में आवेदन करेगी और कंपनी, नियम 22 के उपनियम (2) में उल्लिखित सभी प्राधिकारियों को सूचना की तामीली का प्रमाण संलग्न करेगी।

(4) क्षेत्रीय निदेशक के समक्ष यथा प्रस्तुत उपाबंधों सहित आवेदन की प्रति रजिस्ट्रार को भी प्रस्तुत की जाएगी।

22. **दूसरी प्रकार की कंपनी में परिवर्तन की मांग करने हेतु धारा 8 के अंतर्गत रजिस्ट्रीकृत कंपनियों द्वारा अनुपालन की जाने वाली अन्य शर्तें:-**

(1) कंपनी, क्षेत्रीय निदेशक को आवेदन करने की तारीख से एक सप्ताह के भीतर अपने व्यय के संबंध में सूचना प्रकाशित करेगी और प्रकाशित सूचना की प्रति क्षेत्रीय निदेशक को भेजी जाएगी और उक्त सूचना **प्ररूप संख्या आई एन सी-19** में होगी और वह प्रकाशित होगी:

(क) उस जिले के मुख्य स्थानिक भाषा के स्थानिक और उक्त जिले में व्यापक रूप से परिचालित होने वाले समाचार पत्र में न्यूनतम एक बार, जहां प्रस्तावित कंपनी का रजिस्ट्रीकृत कार्यालय स्थित होगा या स्थित है और उक्त जिले में व्यापक रूप से परिचालित होने वाले अंग्रेज़ी समाचार पत्र में अंग्रेज़ी भाषा में न्यूनतम एक बार;

(ख) कंपनी की वेबसाईट, यदि कोई हो, पर और केन्द्रीय सरकार द्वारा आगे अधिसूचित या निदेशित किए गए अनुसार।

(2) कंपनी, सूचना के प्रकाशन के साथ-साथ उसकी प्रति, आवेदन की प्रति सहित सभी संलग्नकों को कंपनी के ऊपर अधिकारिता रखने वाले मुख्य आयकर आयुक्त, कंपनी के ऊपर क्षेत्राधिकार रखने वाले आयकर अधिकारी, पूर्त आयुक्त, उस राज्य के मुख्य सचिव, जिसमें कंपनी का रजिस्ट्रीकृत कार्यालय स्थित है, कंपनी जहां कार्य कर रही है वहां की अधिकारिता रखने वाले केन्द्रीय सरकार या राज्य सरकार के संगठन या विभाग अन्य प्राधिकरण के पास भेजेगी और यदि इनमें से कोई प्राधिकरण क्षेत्रीय निदेशक को प्रतिवेदन करना चाहता है तो वह कंपनी को अवसर देने के पश्चात् सूचना प्राप्त होने से साठ दिन के भीतर ऐसा कर सकता है।

(3) आवेदन के साथ सूचना की तामीली के प्रमाण की प्रति संलग्न की जाएगी।

(4) निदेशक-बोर्ड इस संबंध में एक घोषणा करेगा कि कंपनी ने अपनी आय या सम्पत्ति का कोई भाग, उन व्यक्तियों को, जो कंपनी के सदस्य हैं या रहे हैं या किसी एक व्यक्ति को या एक से अधिक व्यक्तियों को या एक व्यक्ति या एक व्यक्तियों से अधिक के माध्यम से दावा कर रहे किसी भी व्यक्ति को, लाभांश या बोनस के रूप में प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष भुगतान या अंतरण नहीं किया है या करेगी।

(5) जहां कहीं कंपनी ने आयकर विभाग, पूर्त आयुक्त या केन्द्रीय सरकार, राज्य सरकार के किसी संगठन या विभाग, नगरपालिका निकाय या किसी मान्यताप्राप्त प्राधिकरण जैसे किसी भी प्राधिकरण से विशेष दर्जा, विशेषाधिकार, छूट, लाभ या अनुदान प्राप्त किया हो तो संबंधित प्राधिकरण से उक्त विशेष दर्जा विशेषाधिकार, छूट, लाभ या अनुदान की शर्तों के अंतर्गत अपेक्षित होने पर "अनापत्ति प्रमाण-पत्र" अवश्य प्राप्त किया जाना चाहिए और उक्त को आवेदन सहित क्षेत्रीय निदेशक के समक्ष प्रस्तुत किया जाना चाहिए।

(6) कंपनी द्वारा क्षेत्रीय निदेशक को आवेदन प्रस्तुत करने से पूर्व वित्तीय वर्ष तक अपने सभी वित्तीय विवरण और वार्षिक विवरणियां और क्षेत्रीय निदेशक को आवेदन प्रस्तुत करने की तारीख तक अधिनियम के अंतर्गत प्रस्तुत की जाने वाली अन्य सभी विवरणियां प्रस्तुत की जा चुकी हो और यदि वित्तीय विवरण प्रस्तुत करने से पूर्ववर्ती वित्तीय वर्ष की तारीख से तीन माह की समाप्ति के पश्चात् आवेदन किया गया हो तो चार्टर्ड एकाउंटेंट द्वारा सम्यक् रूप से उस तारीख तक जो आवेदन प्रस्तुत करने के तीस दिन पूर्व न हो, प्रमाणित वित्तीय स्थिति की ब्यौरा संलग्न किया जाना चाहिए।

(7) कंपनी, कारबार कर रहे चार्टर्ड एकाउंटेंट या कारबार कर रहे कंपनी सचिव या लागत लेखाकार का एक प्रमाणपत्र आवेदन के साथ संलग्न करेगी, जिसमें यह प्रमाणित किया गया होगा कि

अधिनियम में निर्धारित शर्तों और धारा 8 के अंतर्गत रजिस्ट्रीकृत कंपनी के किसी दूसरे प्रकार की कंपनी में परिवर्तन से संबंधित नियमों का अनुपालन किया गया है।

(8) क्षेत्रीय निदेशक परिवर्तन के संबंध में अपना अनुमोदन प्रदान करने के लिए आवेदक से किसी विशेष प्राधिकरण के अनुमोदन या सहमति की मांग कर सकते हैं और वह रजिस्ट्रार से रिपोर्ट भी प्राप्त कर सकते हैं।

(9) आवेदन प्राप्त होने तथा संतुष्ट होने पर क्षेत्रीय निदेशक प्रत्येक मामले के तथ्यों और परिस्थितियों में, निम्नलिखित शर्तों सहित लगाई गईं निबंधन और शर्तों के अध्यधीन, कंपनी को किसी दूसरे प्रकार की कम्पनी में परिवर्तन करने का अनुमोदन प्रदान करने के संबंध में आदेश जारी करेंगे, अर्थात् ;-

(क) कंपनी, परिवर्तन के प्रभावी होने की तारीख से धारा 8 के उपबंधों के अंतर्गत रजिस्ट्रीकृत होने के नाते प्राप्त हुए किसी विशेष दर्जे, छूट या विशेषाधिकार का त्याग करेगी और उसका दावा नहीं करेगी।

(ख) यदि कंपनी ने किसी सरकार या प्राधिकरण से नि:फीस रियायती लागत पर कोई अचल सम्पत्ति अर्जित की है, तो उसे अचल संपत्ति मुहैया कराने वाली सरकार या प्राधिकरण में किसी एक को, उक्त सम्पत्ति अर्जित करने के समय उसकी लागत तथा परिवर्तन के समय उक्त सम्पत्ति के बाज़ार मूल्य के बीच के अन्तर का भुगतान करना होगा।

(ग) विगत वर्षों से आगे लाया गया कंपनी का संचयी लाभ या अप्रयुक्त आय का उपयोग पहले सभी बकाया सांविधिक दायित्वों, देनदारों को देय राशि, लेनदारों, आपूर्तिकर्ताओं, सेवा प्रदाताओं और कर्मचारियों सहित अन्य व्यक्तियों के दावों और अंतत: प्रवर्तकों या सदस्यों द्वारा अग्रिम रूप में दिए गए ऋण या उन्हें बकाया कोई अन्य राशि के निपटान हेतु किया जाएगा और शेष धनराशि, यदि कोई हो, परिवर्तन का अनुमोदन प्राप्त होने से तीस दिन के भीतर निवेशक शिक्षा एवं सुरक्षा कोष में अंतरित कर दी जाएगी ।

(10) आवेदन में शर्तों को लगाने या उसे रद्द करने से पूर्व कंपनी को, क्षेत्रीय निदेशक द्वारा सुने जाने का पर्याप्त अवसर प्रदान किया जाएगा।

(11) क्षेत्रीय निदेशक का अनुमोदन प्राप्त होने पर,

(i) कंपनी, धारा 8 कंपनी के किसी दूसरे प्रकार की कंपनी में परिवर्तित हो जाने के पश्चात अधिनियम के अंतर्गत यथा अपेक्षित अपने संगम-ज्ञापन और संगम-अनुच्छेद में संशोधन हेतु एक विशेष संकल्प पारित करने के लिए अपने सदस्यों की साधारण अधिवेशन आयोजित करेगी;

(ii) तत्पश्चात कंपनी, रजिस्ट्रार को निम्नलिखित प्रस्तुत करेगी-

(क) आदेश प्राप्त होने की तारीख से 30 दिन के भीतर फीस सहित **प्ररूप संख्या आई एन सी 20** में क्षेत्रीय निदेशक के अनुमोदन की प्रमाणित प्रति;

(ख) कंपनी का संशोधित संगम-ज्ञापन और संगम-अनुच्छेद;

(ग) निदेशकों द्वारा इस संबंध में यह घोषणा कि क्षेत्रीय निदेशक द्वारा लगाई गई शर्तें, यदि कोई हों, का पूर्णत: अनुपालन किया गया है।

(12) उपर्युक्त **उप-नियम (10)** में उल्लिखित दस्तावेज़ प्राप्त होने पर रजिस्ट्रार दस्तावेजों को रजिस्ट्रीकृत करेंगे और नया निगमन प्रमाणपत्र जारी करेंगे ।

23. धारा 8 के अंतर्गत जारी अनुज्ञप्ति के प्रतिसंहरण के संबंध में रजिस्ट्रार को सूचना

जहां धारा 8 के अंतर्गत रजिस्ट्रीकृत कंपनी को प्रदान की गई अनुज्ञप्ति को प्रतिसंहृत कर दिया गया हो, तो कंपनी, तदनुसार अपने दर्जे और नाम में परिवर्तन हेतु फीस सहित **प्ररूप संख्या आई एन सी 20** में रजिस्ट्रार को आवेदन करेगी।

24. व्यापार आरम्भ करने के समय घोषणा

निदेशक द्वारा फीस सहित **प्ररूप संख्या आई एन सी 21** में घोषणा की जाएगी और प्ररूप की विषय-वस्तु का सत्यापन कारबार कर रहे कंपनी सेकेट्री या कारबार कर रहे चार्टर्ड एकाउंटेंट या कास्ट एकाउंटेंट द्वारा किया जाएगा;

परन्तु यह कि किसी कंपनी के मामले में भारतीय रिज़र्व बैंक, सेबी आदि जैसे सैक्टर संबंधी विनियामकों से रजिस्ट्रीकरण अपेक्षित है, वहां ऐसे मामले में ऐसे विनियामक का अनुमोदन प्राप्त किया जाएगा, उक्त अपेक्षित होगा।

25. रजिस्ट्रीकृत कार्यालय का सत्यापन-

(1) रजिस्ट्रीकृत कार्यालय का सत्यापन फीस सहित **प्ररूप संख्या आई एन सी 22** में प्रस्तुत किया जाएगा, और

(2) उक्त प्ररूप के साथ निम्नलिखित दस्तावेजों में से कोई एक दस्तावेज़ संलग्न किया जाएगा, अर्थात्-

(क) कंपनी के नाम पर रजिस्ट्रीकृत कार्यालय के परिसर के स्वामित्व का रजिस्ट्रीकृत दस्तावेज़; या

(ख) भुगतान किए गए किराए की रसीद, जो एक माह से अधिक पुरानी नहीं होगी, की प्रति सहित कंपनी के नाम पर पट्टा या किराया-समझौता की प्रमाणित प्रति;

(ग) अपने रजिस्ट्रीकृत कार्यालय के रूप में कंपनी द्वारा परिसर के उपयोग के संबंध में स्वामित्व या दखल संबंधी प्राधिकार सहित परिसर के स्वामी या प्राधिकृत दखलकार से प्राधिकार; और

(घ) स्वामी के नाम पर परिसर के पते को दर्शाने वाले दूरभाष, गैस, बिजली आदि जैसी जन-सुविधाओं के साक्ष्य का सबूत या दस्तावेज, जैसा भी मामला हो, जो दो माह से अधिक पुराना नहीं होना चाहिए।

26. कंपनी द्वारा नाम का प्रकाशन

केन्द्रीय सरकार, जैसे और जब अपेक्षित हो, अन्य दस्तावेज़ अधिसूचित करेगी, जिन पर कंपनी का नाम मुद्रित होगा।

27. रजिस्ट्रीकृत कार्यालय की अवस्थिति में परिवर्तन की सूचना और सत्यापन

रजिस्ट्रीकृत कार्यालय की अवस्थिति में परिवर्तन की सूचना और तत्संबंधी सत्यापन, **प्ररूप संख्या आई एन सी 22** में प्रस्तुत किया जाएगा और उक्त प्ररूप के साथ समान दस्तावेज संलग्न होंगे और सत्यापन का तरीका, धारा 12 की उप-धारा (2) के अनुसार निगमन पर रजिस्ट्रीकृत कार्यालय के सत्यापन के संबंध में ऊपर यथा विनिर्दिष्ट किए गए तरीके के समान होगा।

28. एक ही राज्य के भीतर रजिस्ट्रीकृत कार्यालय का स्थानांतरण:-

